घर आया सखियों मेरा बनवारी

घर आया सखियों मेरा बनवारी,
मेरा बनवारी मेरा गिरधारी,
घर आया सखियों मेरा बनवारी.....

मेरे बनवारी के शीश पे मुकुट है,
तुम देखो सखियों लट घुंघराले,
घर आया सखियों मेरा बनवारी.....

मेरे बनवारी के मोटे मोटे नैना,
नैनो से सखियों मारे है कटारी,
घर आया सखियों मेरा बनवारी.....

मेरे बनवारी का सोना सोना मुखड़ा,
दरस कर लो आया गिरधारी,
घर आया सखियों मेरा बनवारी.....

मेरे बनवारी के हाथों में मुरलिया,
तुम नाचो सखियों दे दे ताली,
घर आया सखियों मेरा बनवारी.....

मेरे बनवारी के पैरों में पायलिया,
छलकत पर सखियों विजय ब्रिज की नारी,
घर आया सखियों मेरा बनवारी.....

मेरे बनवारी के संग में राधा रानी,
जोड़ी से जाऊं बलिहारी,
घर आया सखियों मेरा बनवारी.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30161/title/ghar-aya-sakhiyon-mera-banwari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |